प्रश्नपत्र संख्या

18 09 2

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

**विद्यालय का नाम –** ..........................................................................................

**प्रतियोगी का नाम –** .................................................. ह० .............. **अनुक्रमांक –** ..................

**कुल समयः 1 घंटा** **कक्षा-9** **कुल अंकः 100**

**निर्देशः** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में भरिए।

2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (-1) अंक दिए जाएँगे।

3) कुल प्रश्न 50 हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

**सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में ही भरने हैं। प्रश्न पत्र में नहीं।**

**प्रश्न 1. हिंदी को राजभाषा कब घोषित किया गया?**

(क) 15 सितंबर, 1949 को (ख) 16 सितंबर, 1949 को

(ग) 10 सितंबर, 1949 को (घ) 14 सितंबर, 1949 को

**प्रश्न 2. भावों या विचारों का आदान प्रदान किसके द्वारा होता है?**

(क) लिपि के द्वारा (ख) भाषा के द्वारा

(ग) व्याकरण के द्वारा (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 3. इनमें से कौनसा दीर्घ स्वर नही है?**

(क) ऋ (ख) आ

(ग) ऐ (घ) औ

**प्रश्न 4. इनमें से कौन अंतस्थ व्यंजन नही है?**

(क) य (ख) र

(ग) व (घ) ह

**प्रश्न 5. इनमें से तत्सम शब्द है–**

(क) संस्कृत से हिंदी में आए शब्द (ख) संस्कृत से परिवर्तित शब्द

(ग) जिनमें विकार न आए (घ) जिनमें लिंग तथा वचन का प्रभाव है।

**प्रश्न 6. स्वर्ण का तद्भव रूप है–**

(क) स्वर्णिम (ख) स्वर्गीय

(ग) सोना (घ) सुनार

**प्रश्न 7. 'जिसकी तुलना न हो' उसे कहते हैं–**

(क) अजर (ख) अतुलनीय

(ग) शोक (घ) निष्पक्ष

**प्रश्न 8. समान अर्थ बताने वाले शब्दों को कहते हैं–**

(क) अनेकार्थी शब्द (ख) पर्यायवाची शब्द

(ग) विलोम शब्द (घ) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

**प्रश्न 9. वह शब्द जो किसी वाक्य के पहले लगकर उसके भाव में तीव्रता बढ़ाते हैं–**

(क) निपात (ख) समास

(ग) विस्मयादिबोधक (घ) उपसर्ग

**प्रश्न 10. अवलंब का अर्थ क्या होगा?**

(क) जल्दी (ख) खंभा

(ग) सहारा (घ) लंबा

**प्रश्न 11. 'अत्यधिक' शब्द में–**

(क) 'अत' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है

(ख) 'अति' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है

(ग) 'अत्य' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है

(घ) 'अत्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है

**प्रश्न 12. 'ऐतिहासिक' शब्द में मूल शब्द है-**

(क) ऐतिहास (ख) इतिहास

(ग) हासिक (घ) इक

**प्रश्न 13. लिंग के भेद होते हैं-**

(क) एक   (ख) दो

(ग) तीन   (घ) सात

**प्रश्न 14. इन शब्दों में कौन पुल्लिंग नहीं है?**

(क) शेर   (ख) कौआ

(ग) खरगोश   (घ) बिल्ली

**प्रश्न 15. इन शब्दों में कौन स्त्रीलिंग नहीं है?**

(क) कौआ   (ख) हथिनी

(ग) जूँ   (घ) गिलहरी

**प्रश्न 16. एक ही वर्ण की आवृति होने पर ........................ अलंकार होता है।**

(क) उपमा   (ख) रूपक

(ग) अनुप्रास   (घ) यमक

**प्रश्न 17. कर्तृवाच्य में किसकी प्रधानता होती है?**

(क) कर्म की   (ख) क्रिया की

(ग) कर्ता की   (घ) भाव की

**प्रश्न 18. कर्मवाच्य में किसकी प्रधानता होती है?**

(क) कर्म की   (ख) क्रिया की

(ग) कर्ता की   (घ) भाव की

**प्रश्न 19. इनमें से कौन-सा शब्द कालवाचक क्रियाविशेषण है–**

(क) आर-पार   (ख) आज

(ग) धीरे-धीरे   (घ) बहुत

**प्रश्न 20. इनमें से कौन-सा शब्द स्थानवाचक संबंधबोधक है–**

(क) से पहले   (ख) के द्वारा

(ग) के नीचे   (घ) के अलावा

**प्रश्न 21. इनमें से किस शब्द में नुक्ता का प्रयोग नहीं होगा?**

(क) बजरंगी
(ख) फरमान
(ग) कमजोर
(घ) फरियाद

**प्रश्न 22. सही शब्द बताइए–**

(क) प्रर्दशनी
(ख) प्रर्दशर्नी
(ग) प्रदर्शनी
(घ) परदर्शनी

**प्रश्न 23. किसी के कथन को ज्यों-का-त्यों लिखने के लिए इनमें से किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(क) कोष्ठक-चिह्न
(ख) उद्धरण-चिह्न
(ग) निर्देशक-चिह्न
(घ) विस्मयादिबोधक-चिह्न

**प्रश्न 24. शब्दों को संक्षिप्त रूप में लिखने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(क) निर्देशक-चिह्न
(ख) पूर्णविराम-चिह्न
(ग) लाघव-चिह्न
(घ) योजक-चिह्न

**प्रश्न 25. 'अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना' मुहावरे के सही अर्थ है–**

(क) पुरानी बातें दोहराना
(ख) अपनी प्रशंसा स्वयं करना
(ग) किसी बात पर ध्यान न देना
(घ) दूसरों की प्रशंसा करना

**प्रश्न 26. 'घी के दीये जलाना'–**

(क) काम बिगाड़ देना
(ख) पुरानी बातें दुहराना
(ग) खुशियाँ मनाना
(घ) नुकसान करना

**प्रश्न 27. 'श्रीराम' शब्द का वर्ण-विच्छेद है–**

(क) श् + र् + र् + आ + म

(ख) श् + र् + ई + र् + आ + म् + अ

(ग) श् + ई + र् + म

(घ) श् + र् + ई + र + म

**प्रश्न 28. 'नमस्कार' शब्द का वर्ण-विच्छेद है–**

(क) न + म + स + क + आ + र

(ख) न् + म् + स् + क् + अ + र्

(ग) न् + अ + म् + अ + स् + क् + आ + र् + अ

(घ) न् + अ + म + अ + स + क + आ + ऱ् + अ

**प्रश्न 29. हिमालय सबसे <u>ऊँचा</u> पर्वत है। रेखांकित शब्द क्या है?**

(क) कर्ता
(ख) क्रिया
(ग) कर्म
(घ) विशेषण

**प्रश्न 30. भोली राधा – राधा क्या है?**

(क) कर्ता
(ख) क्रिया
(ग) विशेष्य
(घ) प्रविशेषण

**प्रश्न 31. 'सदैव' का संधि-विच्छेद क्या होगा?**

(क) सद + एव
(ख) सदा + एव
(ग) सदा + ऐव
(घ) सद + ऐव

**प्रश्न 32. 'मनः + हर' का संधि क्या होगा?**

(क) मनहर
(ख) मनोहरी
(ग) मानहर
(घ) मनोहर

**प्रश्न 33. संधि के कितने भेद हैं?**

(क) चार
(ख) पाँच
(ग) तीन
(घ) दो

**प्रश्न 34. दीर्घ संधि किसका भेद है?**

(क) स्वर संधि का
(ख) व्यंजन संधि का
(ग) विसर्ग संधि का
(घ) अयादि संधि का

हिंदी विकास मंच

**प्रश्न 35. जो शब्द सुनने में एक जैसे हों, परन्तु अर्थ भिन्न हों, कहलाते हैं–**

(क) अनेकार्थी शब्द
(ख) पर्यायवाची शब्द
(ग) विलोम शब्द
(घ) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

**प्रश्न 36. 'आगमन' का विलोम शब्द है–**

(क) गमन
(ख) रफ्तार
(ग) प्रत्यागमन
(घ) प्रस्थान

**प्रश्न 37. अलग होने के अर्थ में 'से' का प्रयोग किस कारक में होता है?**

(क) संप्रदान कारक
(ख) अपादान कारक
(ग) करण कारक
(घ) कर्म कारक

**प्रश्न 38. <u>बाबा!</u> इस अपाहिज की बात सुनते जाना। रेखांकित अंश में कारक है–**

(क) कर्ता कारक
(ख) संबोधन कारक
(ग) कर्म कारक
(घ) अपादान कारक

**प्रश्न 39. वाक्य में प्रयुक्त क्रिया के भेद के लिए उचित विकल्प का गोला भरिए -**
**मैं हँसता हुआ आगे बढ़ गया।**

(क) अकर्मक
(ख) सकर्मक
(ग) द्विकर्मक
(घ) प्रेरणार्थक

**प्रश्न 40. वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के भेदों के लिए उचित विकल्प का गोला भरिए -**
**नौकर उसे पानी दे जाता है।**

(क) प्रेरणार्थक
(ख) अकर्मक
(ग) सकर्मक
(घ) द्विकर्मक

**प्रश्न 41. 'प्रसाद' का अर्थ होता है– कृपा, प्रासाद का अर्थ है–**

(क) महल
(ख) मिठाई
(ग) राजा
(घ) रंक

**प्रश्न 42. निम्न में से कौन-सा ह्रस्व स्वर है–**

(क) ए (ख) ऐ

(ग) ऋ (घ) आ

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प का गोला भरिए–**

पोंगल दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्योहार है। यह फसल की कटाई के अवसर पर मनाया जाता है। पोंगल 14 जनवरी से प्रारंभ होकर 17 जनवरी तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। पहले दिन इंद्रदेव की पूजा की जाती है, क्योंकि इंद्रदेव के प्रसन्न होने पर ही अच्छी वर्षा होती है और धरती हरी-भरी होती है। दूसरे दिन सभी लोग मिट्टी की हँडिया में दूध-चावल मिलाकर पकाते हैं और सूर्य भगवान को इसका भोग लगाते हैं। तीसरे दिन अपनी गायों और भैसों को सजाते और सँवारते हैं और इनके प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हैं, क्योंकि इन्हीं की मदद से कृषि का कार्य संपन्न होता है। अंतिम दिन लोग रंग-बिरंगे और नए-नए कपड़े पहनकर घूमने के लिए बाहर जाते हैं। इस दिन सभी घरों में मिठाइयाँ और अच्छे-अच्छे पकवान बनते हैं। लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाइयाँ देते हैं। इस प्रकार पूरे तमिलनाडु में पोंगल का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ चार दिन तक मनाया जाता है।

**प्रश्न 43. पोंगल भारत के किस प्रदेश में मनाया जाता है?**

(क) तमिलनाडु में (ख) दक्षिण भारत में

(ग) आंध्र प्रदेश में (घ) उत्तर प्रदेश में

**प्रश्न 44. पोंगल किस माह में मनाया जाता है?**

(क) फरवरी में (ख) जनवरी में

(ग) दिसंबर में (घ) मार्च में

**प्रश्न 45. पोंगल के दूसरे दिन किसकी पूजा की जाती है?**

(क) गाय-भैसों की (ख) इंद्रदेव की

(ग) सूर्यदेव की (घ) शंकर की

**प्रश्न 46. इंद्रदेव की आराधना क्यों की जाती है?**

(क) इंद्रदेव वर्षा के स्वामी हैं और वर्षा से फसल अच्छी होती है।

(ख) इंद्रदेव सभी देवताओं के राजा हैं।

(ग) किसान इंद्रदेव से डरते हैं और उन्हें नाराज़ नहीं करना चाहते।

(घ) इंद्रदेव भगवान विष्णु के देव हैं।

**पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तरों के लिए सही विकल्प का गोला भरिए–**

चमकीले पीले रंगों में अब डूब रही होगी धरती
खेतों–खेतों फूली होगी सरसों, हँसती होगी धरती
पंचमी आज, ढलते जाड़ों की इस ढलती दोपहरी में
जंगल में नहा, ओढ़नी पीली सुखा, रही होगी धरती
इसके खेतों में खिलती है सींगरी, तरा, गाजर, कसूम
किसमें कम है यह, पली धूल में सोना धूल भरी धरती
शहरों की बहू–बेटियाँ हैं सोने के तारों से पीली
सोने के गहनों में पीली, यह सरसों से पीली धरती

**प्रश्न 47. यहाँ किस ऋतु का वर्णन है?**

(क) वसंत (ख) आषाढ़
(ग) शिशिर (घ) सावन

**प्रश्न 48. कवि को धरती हँसती-सी क्यों लग रही है?**

(क) वह प्रसन्न है (ख) खेतों में फूली सरसों के कारण
(ग) फूलों से भरी होने के कारण (घ) वर्षा के कारण

**प्रश्न 49. कवि ने 'ढलते जाड़ों' शब्द का प्रयोग क्यों किया है?**

(क) जाड़ा बूढ़ा हो गया है (ख) गरमी आने वाली है
(ग) जाड़ा समाप्त होने वाला है (घ) धूप निकलने वाली है

**प्रश्न 50. सरसों को कवि ने क्या कहा है?**

(क) धरती का शृंगार (ख) पीली साड़ी
(ग) सोने के गहने (घ) पीली ओढ़नी